**सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजीत पांजा)** : जी, नहीं। तथापि, श्रव्य-दृश्य अनुसंधान 7 अप्रैल, 1987 से छः केन्द्रों से शुरू की गई देर रात की फिल्मों के बारे में दर्शकों की प्रतिक्रियाओं का अध्ययन कर रहा है।

**दूरदर्शन हिन्दी समाचार बुलेटिन**

1403. **श्री प्रमोद महाजन**: क्या सूचना और प्रसारण मंत्री 13 नवम्बर, 1986 को राज्य सभा में दिए गए तारांकित प्रश्न 160 के उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मद्रास के अतिरिक्त अन्य दूरदर्शन केन्द्रों को भी उनकी इच्छा तथा सुविधानुसार "समाचार" और "दि न्यूज" और अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों को प्रसारित किए जाने से छूट दी जाएगी; और

(ख) क्या दूरदर्शन ने इस संबंध में कोई दिशानिर्देश तैयार किए है, यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजीत पांजा)** : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

**स्टेट बैंक आफ इन्दौर की मद्रास शाखा में धोखाधड़ी**

1404. **श्री कैलाश पति मिश्र** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि स्टेट बैंक आफ इन्दौर की मद्रास शाखा में 1983 में लगभग 6.58 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का पता चला था ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस संबंध में कितने कर्मचारी दोषी पाए गए थे ?

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी)** : (क) से (ग) भारतीय रिजर्व बैंक ने सूचित किया है कि 1983 में स्टेट बैंक आफ इंदौर की ब्रांच (मद्रास) शाखा में कई खातों में फर्जी लेन-देनों की धोखाधड़ी का मामला प्रकाश में आया था। इस धोखाधड़ी का पता चलने के तुरन्त बाद शाखा प्रबंधक लेखाकार और क्षेत्रीय प्रबंधक को निलम्बित कर किया गया था, और सम्बद्ध सहायक महाप्रबंधक से स्पष्टीकरण मांगा गया था। इस मामले को जांच के लिये, केन्द्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दिया गया था। ब्यूरो द्वारा जांच पूरी करने, विभागीय जांच कर लेने और केन्द्रीय सतर्कता आयोग से परामर्श कर लेने के बाद शाखा प्रबंधक और लेखाकार को बर्खास्त कर दिया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक की भी भर्त्सना की गयी। सहायक महाप्रबंधक के खिलाफ बड़े दण्ड की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

---

12 Noon

**STATEMENT BY MINISTER**

**Correcting tht reply given in the Rajya Sabha on the 12th March, 19 to Unstarred Question 2004 regardi Media coverage of Freedom Strug**

THE MINISTER OF STATE O THE MINISTRY OF INFORMATIO AND BROADCASTING (SHRI AJI PANJA): Sir, I beg to lay on the Table a statement correcting the reply given on March 12, 1987, to Unstarred Question No. 2004.